सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—**cm-369**
18/08/2018

मुख्यमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की

पटना 18 अगस्त, 2018 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव और नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कोफी अन्नान के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि कोफी अन्नान अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के प्रबल हिमायती थे। उनके निधन से दुनिया ने एक महान अफ्रीकी राजनयिक और मानवतावादी शख्सियत को खो दिया है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं समर्थकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******